भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-2256

दिनांक 12 फरवरी, 2026 को उत्तरार्थ

भागलपुर में ताप ऊर्जा संयंत्र

2256. श्री अजय कुमार मंडल:

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या अडानी पावर लिमिटेड को भागलपुर-पीरपैंती में प्रस्तावित 2,400 मेगावाट के अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल ताप ऊर्जा संयंत्र के लिए बिहार राज्य सरकार से स्वीकृति प्राप्त हो गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) प्रस्तावित संयंत्र के लिए ऐश डाईक, कोयला यार्ड, जल उपयोग और वायु प्रदूषण नियंत्रण (चारकोल/फिल्टर/एफजीडी आदि) का ब्यौरा क्या है और स्थानीय आबादी के लिए सृजित किए जाने वाले रोजगार के अवसरों का ब्यौरा क्या है;

उत्तर

विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद नाईक)

(क) और (ख) : बिहार सरकार ने बिहार के भागलपुर जिले में पीरपैंती ताप विद्युत संयंत्र को टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (टीबीसीबी) के माध्यम से विकसित करने का निर्णय लिया है। तदनुसार, बिहार सरकार द्वारा आयोजित टैरिफ आधारित बोली के आधार पर, 2,400 मेगावाट (3X800 मेगावाट) ताप विद्युत परियोजना की स्थापना के लिए मेसर्स अडानी पावर लिमिटेड का चयन किया गया है। दिनांक 06.08.2025 को मेसर्स अडानी पावर लिमिटेड को आशय पत्र (एलओआई) जारी किया गया था, हालांकि परियोजना का निर्माण अभी तक शुरू नहीं हुआ है।

(ग) : बिहार सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, सफल बोलीदाता मेसर्स अडानी पावर लिमिटेड को सभी वैधानिक मंजूरी और अनुमोदन प्राप्त करने और परियोजना कार्यान्वयन के हिस्से के रूप में राख डाइक, कोयला यार्ड और संबंधित अवसंरचना के लिए विस्तृत योजनाएं प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है।

इस परियोजना से लगभग 10,000-12,000 निर्माण से संबन्धित रोजगार और लगभग 3,000 प्रचालन से संबन्धित रोजगार सृजन होने की उम्मीद है। इसमें औद्योगिक विकास को समर्थन मिलेगा, ऊर्जा आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और किसानों और ग्रामीण परिवारों को विश्वसनीय विद्युत मिलेगी।

****